Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 18-08-2006

Participants : Athawale Shri Ramdas

an>

Title : Need to carry out caste based census in the year 2011.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : सभापति महोदय, हमारे देश की आबादी वर्तमान में लगभग 110 करोड़ है। वा 1931, 1951, 1961 और अन्तिम जनगणना का कार्य वा 2001 में सम्पन्न हुआ था। हमारे देश में जो जनगणना होती है, वह प्रायः शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स की संख्या कितनी है, यह जानने के लिए होती है। इसी आधार पर वा 2001 की जनगणना हुई थी। वा 2001 की गणना के अनुसार अनुसूचित जातियों की संख्या 16.02 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजातियों की संख्या 8.02 प्र ातिशत पाई गई और इस प्रकार हमारे देश में इन जातियों की कुल जनसंख्या लगभग 24.04 प्रतिशत हो गई है।

महोदय, देश में कौनसी जाति की कितनी संख्या है, इसका अनुमान हमारी जनगणना से नहीं होता है। इसलिए मेरी भारत सरकार से मांग है कि देश की जो अगली जनगणना वा 2011 में होने वाली है, उसमें कौनसी जाति की कितनी संख्या है, इसकी जानकारी करने की व्यवस्था की जाए ताकि जाति के आधार पर जनगणना हो सके और देश में किस जाति के कितने लोग रहते हैं, इस बारे में जानकारी मिल सके। यहां पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्टर मौजूद हैं। मैं उनसे चाहूंगा कि वे ऐसी व्यवस्था करने के निर्देश दें।